# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, 3 बच्चे जिंदा जले

## मजदूरी करने गया था पिता, राशन लेने खाद्यान्न दुकान गई थी मां

▶ जमोड़ी थाना के कसिहवा में हुआ हृदय विदारक हादसा



**सीधी, 23 मई. जिले के जमोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़खुरी कसिहवा में शनिवार सुबह करीब 11 बजे दिल दहला देने वाली घटना सामने आई. बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक कच्चे घर में भीषण आग लग गई, जिससे पूरा मकान जलकर खाक हो गया.**

हादसे में घर के अंदर मौजूद तीन अबोध बच्चों की जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गई.मृतकों की पहचान रिद्धि साकेत 06 वर्ष, संध्या साकेत 1.5 वर्ष एवं नागेंद्र साकेत 04 वर्ष पिता रामरतन साकेत के रूप में हुई है. घटना के बाद पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल बना हुआ है. जानकारी के अनुसार, बच्चों के पिता रामरतन साकेत 37 वर्ष पड़रा में सुबह मजदूरी करने गये थे और मां ललिता साकेत उन्हें घर के अंदर छोड़कर उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न लेने गई हुई थी. इसी दौरान अचानक घर में शॉर्ट सर्किट हुआ और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया.आसपास के लोगों ने आग बुझाने और बच्चों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि कोई भी अंदर नहीं जा सका.घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, हालांकि तब तक घर के भीतर मौजूद तीनों बच्चों की मौत हो चुकी थी.आगजनी की जानकारी मिलते ही मौके पर जमोड़ी थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए है.पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित मर्चुरी लाया गया जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा पीएम किया गया।

घर में आग लगने से एक साथ तीन मासूम बच्चों की मौत के संबंध में जानकारी मिलते ही कलेक्टर विकास मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे .उन्होंने मौके पर पहुंच पीड़ित परिवार को आत्मबल देते हुए सरकार की तरफ से एवं स्थानीय लोगों से आर्थिक मदद उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया है.

हादसे की जानकारी मिलते ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान मर्चुरी पहुंच कर पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली एवं संवेदना व्यक्त करते हुए अपनी ओर से मौके पर ही मृतक बच्चों के पिता को 5000 रुपए की आर्थिक मदद की तथा शासन स्तर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है.

**इनका कहना है...**

कसिहवा गांव में तीन बच्चों की मौत आग की चपेट में आने से हुई है .मुख्यमंत्री की तरफ से दो लाख रुपए पर बच्चे देने की घोषणा की गई है, वहीं राहत कोष से 04 लाख रुपए पर बच्चे देने की कार्यवाही की जा रही .इसके अलावा रेडक्रास से 20 हजार रुपए पर बच्चे जिला प्रशासन द्वारा आर्थिक मदद उपलब्ध कराई गई है . वहीं स्थानीय लोगों द्वारा भी 20 हजार रुपए की आर्थिक मदद की गई है .प्रधामनंत्री आवास प्लस -2 में उनका नाम है वो प्रक्रिया के अनुसार होगा, लेकिन उनके घर को अभी हम सबकी मदद से ठीक कराया जाएगा .

**विकास मिश्रा**, कलेक्टर, सीधी

### घटना अत्यंत ही दुखद एवं हृदय विदारक है : मुख्यमंत्री

**मृत बच्चों के परिजन को दिये जाएंगे 6-6 लाख रुपये**

भोपाल . मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव ने शनिवार को सीधी जिले के ग्राम कसिहवा में शॉर्ट सर्किट से हुए एक हादसे में तीन बच्चों की मृत्यु हो जाने की घटना का त्वरित संज्ञान लिया है . उन्होंने कहा है कि घटना अत्यंत ही दुखद एवं हृदय विदारक है . मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने शोकाकुल परिजन के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर ईश्वर से दिवगतों को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की है .उन्होंने कहा है कि दुख की इस घड़ी में सरकार परिजन के साथ है . मुख्यमंत्री ने परिजन के लिए राहत राशि भी घोषित की है . उन्होंने कहा है कि मृत बच्चों के परिजन को राज्य सरकार की ओर से 6-6 लाख रुपये आर्थिक सहायता दी जायेगी . उन्होंने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी, सीधी की ओर से परिजन को 20-20 हजार रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता राशि दे दी गई है . सीधी जिले के ग्राम कसिहवा, ग्राम पंचायत बघवारी, तहसील गोपद बनास में शनिवार की सुबह 11-20 बजे श्री रामरतन साकेत के घर के पास बिजली के पोल से शार्ट-सर्किट होने से आग लग गई, जिसमें श्री रामरतन की दो बेटियां कुमारी घुम्मु उर्फ संध्या साकेत ( लगभग 6 वर्ष ) कुमारी रिद्धि ( लगभग 1.6 वर्ष ) एवं एक बेटा नागेन्द्र ( लगभग 3 वर्ष ) की दर्दनाक मृत्यु हो गई .

# बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाने के लिए कृत संकल्पित

▶ भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

▶ जिले एवं प्रदेश के दिग्गज भाजपाई हुए शामिल



नवभारत न्यूज

**सीधी 23 मई. भारतीय जनता पार्टी का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का जिला स्तरीय वर्ग 21 और 22 में को संपन्न हुआ, जिसमें भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने उद्घाटन किया, वही समापन म.प्र. सरकार के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया.सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने की.**

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अजय जमवाल कहा कि भाजपा में नए-नए कार्यकर्ताओं का आना-जाना होता रहता है जिसके कारण भाजपा की रीति नीति का प्रबोधन इन वर्गों के माध्यम से प्रदान किया जाता है.क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री जामवाल ने प्रशिक्षण वर्ग की महत्ता एवं विभिन्न सत्रों में चलने वाले विभिन्न विषयों के संदर्भ में प्रस्तावना के साथ कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया.समापन सत्र में म.प्र. सरकार के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां का बखान करते हुए कहा कि कांग्रेस ने म.प्र. को बीमारू राज्य एवं बंटाधार सरकार बनाई थी जिसके कारण म.प्र. का मूलभूत ढांचा सड़क, पानी, बिजली की व्यवस्था चर्मरा गई थी.

हमारी सरकार आने के पश्चात प्रदेश को नई उड़ान मिली .कांग्रेस के शासनकाल में पहले प्रति व्यक्ति आय 15000 रुपए थी, जो अब बढकर 170000 से ऊपर पहुंच गई है .सीधी सिंगरौली ललितपुर रेल परियोजना के अंतर्गत अतिशीघ्र ट्रेन पहुंचने वाली है .सीधी को चिकित्सा के क्षेत्र में कुछ ही वर्षों में मेडिकल कॉलेज की सुविधा प्राप्त होगी .भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने अध्यक्षीय उद्बोधन में वर्ग की शानदार सफलता के लिए वर्ग में लगी हुई टोली का अभिनंदन करते हुए कहा कि वर्ग में 214 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया .

# मुख्यमंत्री से मिलने से कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

## बेरोजगारी, विस्थापन, सड़क हादसे समेत अन्य मुद्दों को लेकर सौंपना था ज्ञापन



**सिंगरौली, 23 मई . जिले के दो दिवसीय प्रवास पर आये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज शनिवार को कांग्रेसियों का भारी भरकम प्रतिनिधि मण्डल राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में मिलना चा रहे थे, परंतु पुलिस की तगड़ी व्यवस्था के चलते कांग्रेसी बेवस नजर आए.अंततः कांग्रेसियों को पुलिस बस में भर कर पचौर ले गई और देर शाम तक पुलिस नजर बंद कर रखी थी. इस दौरान कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.**

दरअसल कांग्रेसियों ने आज शनिवार को जिला मुख्यालय बैढ़न के सामुदायिक भवन के पास कांग्रेसी एकत्रित हुये और मुख्यमंत्री से मिलने का वक्त मांग रहे थे. परंतु कोतवाली पुलिस मना कर दी और कहा कि पॉच लोगों का प्रतिनिधि मण्डल मिल सकता है.इस पर कांग्रेसी सहमत नही हुये.कांग्रेसी एवं पुलिस के बीच हल्की-फुल्की नोंक-झोंक भी शुरू हो गई. कांग्रेसियों का कहना था कि जिले में बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार चरम पर है.

सिंगरौली के जनता के पैसों का दुरूपयोग हो रहा है. कोल माइंस के विस्थापितो के साथ अन्याय हो रहा है और कंपनियां हाबी हैं.बाउंसर के सहारे भूमि अधिग्रहण करने के फिराक में हैं. जंगल उजाड़ा जा रहा है, बेशकीमती पेड़-पौधे काटे जा रहे हैं. गरीबो की जमीनो को जबरन अधिग्रहित कर ली जा रही है. इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, देवेन्द्र पाठक दरोगा, मधु शर्मा, रूपेश चन्द्र पाण्डेय, रामशिरोमणि शाहवाल, अशोक सिंह पैगाम समेत भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे.

## एक ही थाने में वर्षों से जमे पुलिसकर्मियों पर डीजीपी सख्त

**अनूपपुर.** मध्य प्रदेश पुलिस विभाग में लंबे समय से एक ही थाने एवं शाखाओं में पदस्थ कर्मचारियों को लेकर अब पुलिस मुख्यालय सख्त नजर आ रहा है. प्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशों के बाद पूरे प्रदेश में ऐसे पुलिस कर्मचारियों की सूची तैयार किए जाने की चर्चा तेज हो गई है, जो वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं. डीजीपी द्वारा दिए गए निर्देशों का मुख्य उद्देश्य पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही को मजबूत करना बताया जा रहा है.माना जा रहा है कि लंबे समय तक एक ही थाने में पदस्थ रहने से कार्यप्रणाली प्रभावित होती है.

# राजनीति ट्रेंड से नहीं, जनता के बीच काम करने से चलती है : सिंधिया

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 23 मई. भाजपा के दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर पूछे गए सवालों पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी.**



दोनों नेताओं ने इस ऑनलाइन ट्रेंड को खारिज करते हुए कहा कि वास्तविक राजनीति इंटरनेट पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर जनता की सेवा करने से होती है.आज यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि देश की जनता पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है और विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में जुटी है. उन्होंने माना कि एक टिप्पणी के बाद कॉकरोच जनता पार्टी का मुद्दा सोशल मीडिया पर चर्चा में जरूर आया लेकिन भाजपा का मुख्य ध्यान सिर्फ देश के विकास और जनता की सेवा पर केंद्रित है. सिंधिया ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर रोज नए-नए मुद्दे सामने आते रहते हैं, लेकिन वास्तविक राजनीति जनता के बीच रहकर काम करने से ही होती है और भाजपा देश को आगे बढ़ाने के कार्य में निरंतर लगी हुई है. विचारधारा और संगठन की दम पर टिकते हैं राजनीतिक दल- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी सीजेपी के बढ़ते फॉलोअर्स को लेकर कहा कि सोशल मीडिया और जमीनी राजनीति में बहुत बड़ा अंतर होता है

## बेटे ने सुपारी देकर कराई पिता की नृशंस हत्या

**सीधी/मझौली .** जिले की थाना मझौली पुलिस द्वारा अंधी हत्या के जघन्य प्रकरण का पर्दाफाश करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है .पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने मझौली थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बेटे ने 5 हजार रुपये की सुपारी देकर पिता की हत्या कराई थी. पुलिस के अनुसार दिनांक 19 मई 2026 को फरियादी रघुवर अगरिया पिता रामावतार अगरिया उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम बरमानी थाना मझौली द्वारा सूचना दी गई कि उसके बड़े भाई राजभान अगरिया 16 मई 2026 की रात्रि से लापता हैं . ग्राम करमाई पड़ोहर टोला के जंगल स्थित सूखे कुएं से दुर्गंध आने पर जला शव दिखाई दिया .सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी मझौली पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे .


**FOR SALE**

इंदोर के रेसकोर्स रोड पे एमएनसी कंपनी के स्वामित्व कि ऑफिस 2 कार पार्किंग के साथ बेचने के लिये उपलब्ध है | इच्छुक खरीददार कृपया संपर्क करे

8329436086


# लापरवाह ठेकेदारों को करें ब्लैकलिस्ट

## काम नहीं करने वालों पर तुरंत करें सख्त कार्रवाई : गोविंद सिंह



**भोपाल, 23 मई. जनता को पानी देने के मामले में कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी. अधिकारी और इंजीनियर दफ्तरों से बाहर निकलें और खुद मौके पर जाकर ठेकेदारों से काम कराएं. यह सख्त निर्देश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने शनिवार को सागर के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पेयजल योजनाओं की आयोजित समीक्षा बैठक में दिए.**

बैठक में मंत्री राजपूत ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम के अंतर्गत एक-एक परियोजना की योजनावार विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने मौके पर ही कई जटिल मुद्दों का निपटारा किया और घर-घर नल से जल पहुंचाने के रास्ते सुगम किए. बैठक की खास बात यह रही कि मंत्री राजपूत ने केवल अधिकारियों के से नहीं बल्कि बैठक में मौजूद संबंधित जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर हर क्षेत्र की वास्तविक वस्तुस्थिति जानी.

जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं जैसे पाइपलाइन का न बिछना और ठेकेदारों की मनमानी पर खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने तुरंत संज्ञान लिया और अधिकारियों को ऑन-स्पॉट सुधार के निर्देश दिए. मंत्री श्री राजपूत ने बिजली विभाग और पीएचई के अधिकारियों को कड़े लहजे में निर्देशित किया कि बिजली के अभाव या तकनीकी खराबी के कारण कोई भी नल-जल योजना बंद नहीं होनी चाहिए. जहां भी बिजली कनेक्शन की समस्या है, उसे प्राथमिकता के आधार पर तुरंत दूर किया जाए, ताकि जलापूर्ति प्रभावित न हो. स्वच्छता और रखरखाव को ध्यान में रखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र की सभी पानी की टंकियों में वाटर प्रूफिंग और सफाई का कार्य कराया जाए, ताकि पानी की शुद्धता और टंकियों का रखरखाव बेहतर बना रहे. जो योजनाएं तकनीकी कारणों से रिवाइज्ड (संशोधित) की गई हैं, उनके बजट और तकनीकी पेचों को सुलझाते हुए रिवाइज्ड योजना के कार्यों को भी अतिशीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश

**कागजी घोड़े दौड़ाना बंद करें अधिकारी : राजपूत**

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है . अधिकारी कागजी घोड़े दौड़ना बंद करें . जनप्रतिनिधियों से मिली शिकायतों के आधार पर यदि तय समय सीमा में काम पूरा नहीं होता है, तो ठेकेदारों के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी . मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि वे 15 दिवस बाद पुन: बैठक लेंगे और कार्य प्रगति की समीक्षा करेंगे . जिन अधिकारियों, ठेकेदारों द्वारा समय सीमा में प्रगति नहीं लाई जाएगी उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी .

# रायसेन में कुएं में डूबने से तीन छात्राओं की मौत

▶ पानी भरने के दौरान नहाने लगी थीं बच्चियां

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 23 मई. रायसेन जिले के गैरतगंज तहसील अंतर्गत सगौर गांव में कुएं पर पानी भरने गईं तीन छात्राओं की नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई. मृत बच्चियों की पहचान राधा पिता हलके राम ( 12 वर्ष ), अमृता पिता रामगोपाल ( 12 वर्ष ) और तनु पिता हलके राम ( 13 वर्ष ) के रूप में हुई.**

राधा, अमृता पांचवीं और तनु आठवीं कक्षा में पढ़ती थीं. तीनों बच्चियां गांव से एक किलोमीटर दूर स्थित कुएं में पानी भरने गई थीं. तीनों वहां पर नहाने लगीं. इस बीच एक बच्ची का पैर फिसल गया. वह कुएं में गिर गई. उसे बचाने के लिए कुएं में दूसरी बच्ची भी उतर गई. वह भी डूबने लगी. यह देख तीसरी बच्ची भी कुएं में उतर गई. घटना के समय वहां एक अन्य बच्ची अमीना भी थी. यह देखकर वह दौड़ते हुए गांव पहुंची. उसने परिजनों और ग्रामीणों को जानकारी दी. यह सुनते ही ग्रामीण घटना स्थल की ओर दौड़े. ग्रामीणों ने तीनों बच्चियों को कुएं से बाहर निकाला. उन्हें तत्काल गैरतगंज सिविल अस्पताल ले गए. डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया.

## कलेक्टर ने तीन तहसीलदारों को दिया नोटिस

**रीवा.** तीन तहसीलदारों को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने तहसीलदार जवा जीतेन्द्र तिवारी को सीमांकन नहीं करने, तहसीलदार सेमरिया ममता पटेल को गलत सीमांकन करने तथा तहसीलदार मनगवां आंचल अग्रहरि को सीमांकन नहीं होने तथा पटवारी द्वारा राशि की मांग किए जाने जैसी लापरवाही व स्वेच्छाचारिता पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**सेन्ट्रल स्टोर्स विभाग**

निविदा क्रमांक: स्टोर्स/12/2026-27

**निविदा विज्ञप्ति (द्वितीय आमंत्रण)**

दिनांक: 22.05.2026

नगर पालिक निगम इन्दौर को लगने वाली निम्न सामग्री क्रय करने हेतु ऑनलाईन निविदा आयटम रेट पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| अ. क्र. | ऑनलाइन टेंडर क्रमांक | सामग्री का विवरण | 1) निविदा प्रपत्र की कीमत 2) अर्नेस्ट मनी की रकम | ऑनलाइन निविदा फॉर्म क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक एवं समय | ऑनलाइन तकनीकी निविदा ओपन करने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_509920_1 | निगम को लगने वाली सफाई सामग्री (सूची अनुसार) प्रदाय बाबद। | 1) ₹ 2,000/- 2) ₹ 8,000/- | 01/06/2026 को शाम 6.00 बजे तक | 02/06/2026 को शाम 6.00 बजे तक पश्चात् |

नोट-1. निविदा ई - प्रोक्योरमेंट पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखी एवं क्रय की जा सकती है।
2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सीधे ऑनलाईन प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा ।

उपायुक्त
सेन्ट्रल स्टोर्स विभाग, नगर पालिक निगम, इन्दौर



## कब्जे की सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

(SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़ा जाए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी, अल्केमिस्ट एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एसबीआईएफसी फाइनेंस लिमिटेड का असाइनमेंट समझौता दिनांक 30.09.2025 के अनुसार असाइनी) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन [अधिनियम, 2002 (54 ऑफ 2002)] के तहत और सुरक्षा हित (प्रवर्तन नियम, 2002) की धारा 13 (12) के साथ पढ़े गए [नियम 3] के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांकित मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया।

उधारकर्ता द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पढ़े गए सुरक्षा हित के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। (प्रवर्तन नियम, 2002)। उधारकर्ता/गारंटर और आम जनता को इसके द्वारा आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन अल्केमिस्ट एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जिस पर ब्याज भी लगेगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो गिरवी रखी गई संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

| स. क्र. | ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता/गारंटर का नाम | मांग नोटिस की तिथि और बकाया राशि | दिनांक 13(4) सूचना |
|---|---|---|---|
| 1 | ऋणकर्ताः महेश शो रिपेयर्स, इसके स्वामी श्री महेश के माध्यम से गारंटरः महेश शो रिपेयर्स, इसके स्वामी श्री महेश के माध्यम से, 1. महेश, 2. टीना। ऋण खाता संख्याः PR00909982 | दिनांक 13-10-2025 को देय राशि, 18,14,512.5/- 11-10-2025 तक , साथ ही उपरोक्त राशि पर संविदात्मक दर से 12-09-2025 से लागू होने वाला भविष्य का ब्याज, साथ ही अन्य आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि। | 20 मई 2026 |
| | सुरक्षित संपत्ति का विवरणः महेश शो रिपेयर्स के स्वामित्व वाली संपत्ति, जिसके स्वामी श्री महेश हैं: वह अचल संपत्ति का टुकड़ा या भाग, अर्थात मकान संख्या 61, पुराना 143 नया, जिसका क्षेत्रफल 400 वर्ग फुट (37.17 वर्ग मीटर) है, जो पटनीपुरा, मोतीलाल की चाल, इंदौर, मध्य प्रदेश में स्थित है (महेश के स्वामित्व में)। उपर्युक्त अचल संपत्ति की सीमाएँ निम्न प्रकार से निर्धारित हैं: पूर्व की ओर सरकारी गली, पश्चिम की ओर सरकारी सड़क, उत्तर की ओर रतनलाल का मकान, दक्षिण की ओर गणेश सोलंकी का मकान। | | |

ऋणकर्ता/गारंटर को चेतावनी दी जाती है कि वे ऊपर वर्णित सुरक्षित संपत्ति को सुरक्षित ऋणदाता की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा, गिरवी, प्रभार या किसी अन्य माध्यम से न बेचें और न ही उसका निपटान करें। यह प्रकाशन ऋणकर्ता, गारंटर और आम जनता की जानकारी के लिए SARFAESI अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुपालन में जारी किया गया है। किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया नीचे दिए गए संपर्क विवरण पर मुझसे संपर्क करें:

दिनांकः 20-05-2026
स्थानः इंदौर

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी,
अल्केमिस्ट एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार)

**अल्केमिस्ट एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, सीआईएन संख्या U74999DL2002PLC117052**
(अल्केमिस्ट XLVII ट्रस्ट के न्यासी के रूप में कार्य करते हुए)
ए-270, प्रथम एवं द्वितीय मंजिल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024, भारत। वेबसाइटः www.alchemistarc.com,
ईमेलः admin@alchemistarc.com, ashutosh@alchemistarc.com, फोनः 011-46562584


विकास के कदम ▶ मुख्यमंत्री ने 513 करोड़ से अधिक कार्यों एवं भूमि पूजन का किया लोकार्पण

# भविष्य की संभावनाओं की धरती सिंगरौली है : डॉ . मोहन

**सिंगरौली, 23 मई. म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दो दिवसीय प्रवास पर आज शनिवार को दोपहर बाद बैढ़न पहुंचे, जहां बिलौंजी एनसीएल ग्राउंड में 11 करोड़ 55 लाख रुपए की लागत से मंजूर आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का भूमि पूजन किया. इस अवसर पर प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके, राज्यमंत्री राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम समेत अन्य नेता मौजूद रहे.**



वहीं मुख्यमंत्री द्वारा कुल 513 करोड़ रूपये के विभिन्न कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण के साथ प्रधानमंत्री योजना व सामाजिक, सुरक्षा, पेंशन योजना के हितग्राहियों को राशि अंतरण किया गया.एनटीपीसी विंध्याचल के उमंग भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन, लोकार्पण एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना व सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को राशि का अंतरण करते हुये कहा कि सिंगरौली की पहचान केवल कोयले से ही नही, अब तो सिंगरौली में सोने की खदान भी हो गई है.अब यहां की धरती सोना भी उगलेगी.हमारे के लिए सौभाग्य की बात है कि यहां की धरती सोना उगलेगी.इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाकाल को भी याद की.

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सिंगरौली में रेल, हवाई जहाज की सुविधाएं हो गई हैं .भविष्य भी आप का और आज भी आप का है .कांग्रेस पर हमला बालते हुये कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर को याद करे तो उस दौरान यहां सिंगरौली की सड़को में गड्ढे थे, आवागमन मुश्किल हो गया था .राजधानी तक पहुंचना भी कठिन था . यह बदलते दौर का समय है . बोर्ड की परीक्षा में जिले की पॉच छात्र-छात्रों ने प्रदेश के मैरिट लिस्ट में अपनी जगह बनाई है .ज्ञान की धरती, विज्ञान की धरती, भविष्य की संभावनाओं की धरती सिंगरौली है .